# कार्यालय-नगर पालिका परिषद, जौनपुर

## ई-टेण्डर निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, जौनपुर के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों से ई–टेण्डर निविदा सूचना उनकी पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदाये निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई–प्रिक्योरमेंन्ट की वेबसाइड http://etender.up.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा शुल्क धनराशि नगर पालिका कार्यालय के खाता संख्याः–**08661010000040** ओरियन्टल बैंक ऑफ कामर्स जिसका आई0एफ0एस0 कोड ORBCO100866 है में इण्टरनेट बैंकिंग/NEFT/RTGS द्वारा जमा करना होगा प्राप्त रसीद की स्कैन कापी निविदा के साथ अपलोड करना आवश्यक होगा। उपरोक्त प्रपत्र न होने की स्थिति में ठेकेदार की निविदा को अवैध माना जायेगा।

निविदादाता निविदा खुलने के समय उस्थित रह सकते है। निविदा खोले जाने की स्थिति में यदि अवकाश होगा तो निविदायें अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

निविदा विवरण प्रारूप में उल्लिखित कार्यो का अलग–अलग विवरण, उनकी आगणन लागत, निविदा की अर्नेस्टमनी, निविदा मूल्य तथा समय अवधि का विवरण उपरोक्त वेबसाईड पर देखा जा सकता है। विवरण के अनुसार प्रत्येक कार्य की अलग–अलग निविदा आमंत्रित है।

**शर्तेः–**

1. निविदा शुल्क एवं अर्नेस्टमनी की स्कैन कापी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा एवं शासनादेश संख्याः–**1/2018/3070/78–2–2018/42 आई0टी0/2017(22) दिनांकः–03–जनवरी, 2018** का पालन विभाग द्वारा पूर्ण रूप से किया जायेगा।
2. जिन ठेकेदारों का नवीनीकरण विभाग में वर्ष 2018–19 हेतु हो चुका है एवं http://etender.up.nic.in के माध्यम से आर्थराइज्ड रजिस्टर्ड ठेकेदार/फर्म निविदा डालने हेतु अर्ह होगें।
3. निविदादाता एवं विभागीय लागत से कम की निविदा डालने की दशा में शासनादेश सं0–**622/23–12–2012–2 आडिट/09टी0सी0/2 दिनांकः–08.06.2012** के अनुसार 10 प्रतिशत से अधिक कम दर पर प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर परफोरमेन्स गारन्टी की अतिरिक्त धरोहर धनराशि जमा करने के उपरान्त अनुबन्ध गठित किया जायेगा। निविदादाता द्वारा उक्त धनराशि जमा न किये जाने पर उसकी धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
4. निविदा शर्तो के विरूद्ध निविदा डालने वाले ठेकेदार की जमानत धनराशि जब्त करते हुए, काली सूची में दर्ज कर दिया जायेगा।
5. इन्टरलकिंग ब्रिक्स से सम्बन्धित कार्यो में शासनादेश संख्याः–**3747/नौ–5–2013–120 बजट/2013 नगर विकास अनुभाग–5 लखनऊ दिनांकः–10.09.2013** के अनुपालन में इण्टरलाकिंग ब्रिक्स जो आई0आर0सी0 (इण्डियन रोड कांग्रेस) विशिष्टियों के अनुरूप न्यूनतम एम–30 **(30M.Pa Megapascal)** ग्रेड के अनुरूप की मान्य होगी।
6. अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, जौनपुर को बिना कोई कारण बताये निविदा को निरस्त/स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
7. ठेकेदार कार्य स्थल पर लगे श्रमिको का उप श्रमायुक्त कार्यालय में पंजीकरण कराकर निर्माण विभाग को सूचित करेगें।
8. अपठनीय/अस्पष्ट स्कैन कापी निविदा के साथ अपलोड होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
9. निविदा की दरे निविदादाता द्वारा आगणन से उच्च/न्यून प्रतिशत में डाली जायेगी।
10. निविदादाताओं को कार्य योजना के क्रियान्वयन के साथ–साथ उसके अगले 05 वर्षो तक रख–रखाव करना अनिवार्य है। जिसमें जमानत राशि (5%) रख–रखाव अवधि बीतने के पश्चात सड़कों के समुचित रख–रखाव होने की दशा में रिलीज की जायेगी तथा शासनादेश संख्याः–24 वी0आई0पी0(1)/नौ–5–2017–120 बजट/2013 नगर विकास अनुभाग–5 दिनांकः–24 अगस्त 2017 का पालन ठेकेदार को अनिवार्य रूप से करना होगा।
11. सशर्त निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
12. नियमानुसार आयकर एवं G.S.T श्रमकर, रायल्टी आदि की कटौती की जायेगी।
13. निविदा के साथ 10 प्रतिशत अग्रिम धरोहर राशि एन0एस0सी0/राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0 के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, जौनपुर के पदनाम से बन्धक कराकर संलग्न करना अनिवार्य होगा।

14 .निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित कीमत के स्टाम्प पेपर पर 07 दिवस में अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा तथा साथ ही एक बान्ड / शपथ पत्र भी देना होगा।

15. सी0सी0 निर्माण कार्य में बाइब्रेटर चलाना अनिवार्य होगा।

16. स्थल का निरीक्षण निविदादाता को टेण्डर देने के पूर्व करना होगा बाद में किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी।

17. कार्य निर्धारित अवधि मे पूर्ण करना होगा। विलम्ब की दशा में ठेकेदार के अनुबन्ध निरस्तीकरण की कार्यवाही की जा सकती है, जिसके लिये ठेकेदार का कोई क्लेम मान्य नही होगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **आनलाईन निविदा प्रकाशन की तिथि** | | | **22.01.2019 अपरान्ह 4 बजे से** | | |
| **ठेकेदार / फर्म द्वारा आनलाईन निविदा अपलोड करने की तिथि** | | | **22.01.2019 अपरान्ह 4 बजे से** | | |
| **ठेकेदार / फर्म द्वारा आनलाईन निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथिः–** | | | **05.02.2019 अपरान्ह 4 बजे तक** | | |
| **निविदा खोलने की तिथि** | | | **06.02.2019 अपरान्ह 2 बजे से** | | |
| **क्र० सं०** | **कार्य का नाम** | **निधि** | **जमानत/ धरोहर राशि** | **निविदा मूल्य 18 प्रतिशत जी०एस०टी० सहित** | **कार्य समाप्ति की अवधि** |
| 1 | वार्ड वाजिदपुर दक्षिणी, कन्हईपुर (चॉदमारी) में श्री के0के0 श्रीवास्तव के घर से सिंह सदन होते हुए, पुलिया तक इन्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 14 वॉ वित्त | 202355.00 | 2224+364 | 3 माह |
| 2 | वार्ड चॉदपुर, उमरपुर कालोनी में पुष्पा विला से श्री धीरज पाठक के घर होते हुए, श्री समर बहादुर मौर्या के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 14 वॉ वित्त | 105300.00 | 1053+190 | 2 माह |
| 3 | वार्ड उमरपुर परमानतपुर शारदापुरम कालोनी में श्री रामनारायण मिश्र के मकान से श्रीमती दुर्गावती सिंह व पुजारी के मकान होते हुए, श्रीमती प्रभावती देवी के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 14 वॉ वित्त | 149956.00 | 1500+270 | 2 माह |
| 4 | मो0 सिपाह में गोपाल दास साहू के मकान से दिलीप यादव के मकान तक इण्टरलाकिंग व आर0सी0सी0 नाली कार्य। | 14 वॉ वित्त | 109664.00 | 1097+197 | 2 माह |
| 5 | वार्ड सैदनपुर इलाहाबाद रोड़ पर रेलवें लाईन के दोनो तरफ आर0सी0सी0 वैरियर / डिवाइडर का निर्माण कार्य। | 14 वॉ वित्त | 96425.00 | 964+174 | 2 माह |
| 6 | वार्ड सैदनपुर में श्री हरी प्रसाद यादव के प्लाट से श्री अशोक यादव व श्री रामधनी यादव के घर होते हुये श्री महाबल यादव के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | अवस्थापना | 239964.00 | 2400+432 | 3 माह |
| 7 | वार्ड मतापुर में एन0एच0–56 पर पटेल धर्मशाला से मास्टर प्लान कार्यालय के निकट पुलिया तक नाला निर्माण कार्य। | अवस्थापना | 110552.00 | 1106+199 | 2 माह |
| 8 | मो0 पचहटियॉ में शिवांगी महाविद्यालय से सूरज घाट मन्दिर तक तारकोल व नाला निर्माण कार्य। | पं0 दीनदयाल उपाध्याय | 293600.00 | 2636+528 | 3 माह |
| 9 | मो0 पचहटियॉ में मयंक चौहान (नदी के किनारे) से आजमगढ़ रोड़ तक | पं0 दीनदयाल उपाध्याय | 242000.00 | 2420+436 | 3 माह |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | | | | |
| 10 | शाहगंज रोड चौकियॉ मोड़ शिवमन्दिर से मनोज सिंह के मकान होते हुए, अशोक सिहके मकान व संजीव यादव के प्लाट तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | पं0 दीनदयाल उपाध्याय | 388900.00 | 3889+700 | 3 माह |
| 11 | चौकियॉ रोड पर पारस मेमोरियल से पुलिया तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | पं0 दीनदयाल उपाध्याय | 390000.00 | 3900+702 | 3 माह |
| 12 | चौकियॉ रोड पर पुलिया से शीतला मेडिकल स्टोर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | पं0 दीनदयाल उपाध्याय | 398000.00 | 3980+716 | 3 माह |
| 13 | मो0 पचहटियॉ अश्वनी राय के मकान से साहबलाल मिश्रा के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | पं0 दीनदयाल उपाध्याय | 245900.00 | 2459+443 | 3 माह |
| 14 | मो0 पचहटियॉ में सूरजघाट रोड पर रामकेश यादव के मकान से एस0एन0 यादव के मकान से एस0एन0 यादव के मकान होते हुए, राजेश के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | पं0 दीनदयाल उपाध्याय | 251122.00 | 2511+452 | 3 माह |
| 15 | मो0 विशेषरपुर स्टेशन रोड मुन्नवर अली के मकान से फिरोज अहमद के मकान होते हुए, एक लाख के मकान व नसरूद्दीन अन्सारी के मकान से नासिर के मकान होते हुए, बाउण्ड्री वाल तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | पं0 दीनदयाल उपाध्याय | 264600.00 | 2646+476 | 3 माह |

(कृष्ण चन्द्र)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,जौनपुर।

मायाटंडन
(माया टण्डन)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, जौनपुर।

**पत्रांकः-** 2193-2193(15)/आ0-निर्माण

**दिनांकः-** 21/01/19

**प्रतिलिपिः-**

1–जिलाधिकारी जौनपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2–अपर जिलाधिकारी (भू/राजस्व) जौनपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3–नगर मजिस्ट्रेट, जौनपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4–पालिका कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
5–एन0आई0सी0 जौनपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

19/1/19

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद,जौनपुर।